सपने में आई अम्बे माँ

मेरे सपने में आई अम्बे मात गजब करामात हो गई,
मेरे ज्ञान के खुले कपाट गजब करामात हो गई,
गजब करामात हो गई, गजब करामात हो गई ,
मेरे सपने में आई अम्बे मात गजब करामात हो गई......

शेर पे सवार होकर मैय्या मेरी आई,
मेरी मैय्या आई मुझे बेटा बुलाई,
मेरी माता ने२ की मुझसे बात गजब करामात हो गई,
मेरे सपने में आई अम्बे मात गजब करामात हो गई...........

मेरी एक टेर पे वो दौड़ी चली आई,
दौड़ी चली आई मां विलंब न लाई,
मां ने हरदम दियो मेरो साथ गजब करामात हो गई,
मेरे सपने आई अम्बे मात गजब करामात हो गई.......

मेरी माता के रूप हैं निराले कोई कुष्मांडा कोई गौरा पुकारे,
नवरातों में किया उनका ध्यान गजब करामात हो गई,
मेरे सपने में आई अम्बे मात गजब करामात हो गई......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31423/title/sapne-me-aayi-ambey-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |